नरेन्द्र सिंह तोमर
NARENDRA SINGH TOMAR

कृषि एवं किसान कल्याण,
ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली
MINISTER OF AGRICULTURE & FARMERS WELFARE,
RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ
GOVERNMENT OF INDIA
KRISHI BHAWAN, NEW DELHI

सत्यमेव जयते

D.O. No. ....107..... /AM

फा०सं०-एनआरएम/2(4)/2021-ए.एफ.सी.

दिनांक: 12, फरवरी, 2021

प्रिय श्री नीतीश मिश्रा जी,

कृपया अपने पत्रांक सं० 03/2021 दिनांक 02/01/2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा बिहार में मखाना कलस्टर बनाने हेतु आग्रह किया गया है।

2. मखाना कलस्टर योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार अधिकृत है। यदि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा मखाना कलस्टर योजना की पहल की गई तो भा.कृ.अनु.प. का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना, मखाना कलस्टर के विकास हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

(नरेंद्र सिंह तोमर)
12/2/21

श्री नीतीश मिश्रा,
पूर्व मंत्री बिहार सरकार,
112, कौटिल्य नगर,
पटना-800014,

Office : Room No. 120, Krishi Bhawan, New Delhi-110 001 Tel.: 23383370, 23782691 Fax : 23384129
Resi. : 3, Krishna Menon Marg, New Delhi-110001, Ph. : 011-23794697 / 98, Fax : 011-23794696

**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

Ref: 03/2021
Dt-02.01.2021

परमादरणीय मंत्री महोदय,

विषयः– बिहार में भारत के 85 प्रतिशत मखाना उत्पादन क्षेत्र में मखाना कलस्टर बनाने के संबंध में।

देश में मखाना का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य बिहार (मिथिला) है। उत्तर बिहार के सीमांचल एवं मिथिला दो ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ मखाना का सबसे बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। भारत में वर्त्तमान समय में करीब 15,000 हेक्टेयर में मखाना की खेती होती है जिसका 85 प्रतिशत यानि 13,000 हेक्टेयर मखाना की खेती उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों यथा मधुबनी, दरभंगा, पूर्णियाँ, कटिहार, सुपौल, सहरसा एवं किशनगंज आदि में होती है। इस क्षेत्र में मखाना की उत्पादकता 2.0 टन प्रति हेक्टेयर है जिसके अनुसार 26 हजार टन मखाना बीज का उत्पादन से 10 हजार 400 (10,400) टन मखाना लावा का प्राप्ति होती है। जिसका बाजार भाव से कुल कीमत 520 करोड़ रुपये होती है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज के घोषणा के बाद माननीया केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन जी ने देश के किसानों के लिए आर्थिक पैकेज की घोषणा के समय कृषि सेक्टर के लिए 1 लाख करोड़ देने की बात कही है, साथ ही **फूड इंटरप्राइजेज माईक्रो साइज** के लिए 10 हजार करोड़ रुपये देने का वादा किया है, उन्होंने बिहार में मखाना का जिक्र करते हुए राज्य में मखाना कलस्टर बनाने की इच्छा व्यक्ति की है।

मखाना आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की उत्तर बिहार (मिथिला) में अपार संभावनाएँ है जिसका व्यापार देश–विदेश में आसानी से किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि उत्तर बिहार में मखाना आधारित कलस्टर बनाने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

आदर,

सेवा में,
श्री नरेन्द्र सिंह तोमर
माननीय मंत्री
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
पंचशील भवन, अगस्त क्रांति मार्ग
नई दिल्ली–110001

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in